हिन्दुस्तान मोटर्स का नया वाणिज्यिक वाहन

कोलकाता. हिन्दुस्तान मोटर्स लिमिटेड की ओर से सोमवार को छोटी वाणिज्यिक वाहन बाजारों में उतारा गया। कम्पनी ने डीजल से चलने वाले इस वाहन का नाम 'वीर' रखा है। जिसकी कीमत 3.30 लाख रखी गई है। यह वाहन लगभग 800 किलो क्षमता वहन कर सकेगी। कम्पनी के चेयरमैन सी.के.बिड़ला ने वाहन को बाजारों में उतारने के लिए चार अगस्त को ही घोषणा की थी। कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम के तहत एक ही मॉडल के दो तरह के वाहनों को पेश किया गया। उद्घाटन हिन्दुस्तान मोटर्स के प्रबंध निदेशक मनोज झा ने किया। बाद में झा ने संवाददाताओं को बताया कि उक्त वाहन डीजल और सीएनजी मॉडलों में उपलब्ध होगी। वाहन के चालक केबिन में आरामदायक कार के मॉडल पर बनाया गया है। केबिन में तीन व्यक्ति आसानी से बैठ सकते हैं। हुगली जिले में स्थित हिन्दमोटर कारखाने में ये वाहन बनाए गए हैं।